क्या बाजारों में बिक रहा है नकली ऑयल?, नामी ब्रांड का 20 हजार लीटर तेल जब्त - RAISEN OIL GODOWN RAID

रायसेन: मध्य प्रदेश के रायसेन में नामी कंपनियों के नाम से नकली खाद्य तेल का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. पुलिस द्वारा गुरुवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है. पुलिस ने एक खाद्य तेल कंपनी के गोदाम में दबिश देकर भारी मात्रा में खाद्य तेल बरामद किया है. कंपनी संचालक पर आरोप है कि पतंजली ब्रांड के महा कौशल खाद्य तेल से मिलते जुलते नाम की कॉपी तैयार कर खाद्य तेल की पैंकिग कर बेचा जा रहा है. पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में डुप्लीकेट प्रोडक्ट बरामद किया है.

रायसेन में यह कार्रवाई दिल्ली की जिला अदालत के एक आदेश पर की गई है. पुलिस को छापेमारी के दौरान 20 लाख रुपए की कीमत का हजारों लीटर खाद्य तेल मौके पर मिला है. इनमें से 12 लीटर के 500 आयल बॉक्स, 15 लीटर के लगभग 400 केन और पैकिजिंग मटैरियल जब्त किया है. इस कार्रवाई के दौरान पतंजलि फूड लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे.

पुलिस ने खाद्य तेल को किया सीज

पतंजलि फूड लिमिटेड कंपनी की **लीगल एडवाइजर नम्रता जैन** ने बताया कि "हमे लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि हमारे ब्राड से मिलती-जुलती पैकजिंग और ब्रांड के नाम से नकली तेल बेचा जा रहा है. जिसके बाद हमने दिल्ली जिला अदालत में केस फाइल किया. कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए गुरुवार से नकली प्रोडक्ट को बाजार में बेचने से रोक दिया, साथ ही लोकल कमिश्नर की निगरानी में नकली कंपनी के गोदाम में छापा मारकर नकली खाद्य तेल को सीज करने के निर्देश दिए हैं."

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/raisen-oil-godown-raid-patanjali-food-limited-company-20-thousand-liters-oil-seized-madhya-pradesh-news-mps25010603360